(9)

कार्यालय विशेष प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) सतपुड़ा भवन, मध्य प्रदेश भोपाल
दूरभाष –कार्यालय 0755–2674234,फैक्स–0755–267234,ई–मेल pccfcampa@mp.gov.in

क्रमांक/कैम्पा/334/839                                        भोपाल, दिनांक 15-11-16

प्रति,

1. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव
   वन/वित्त/योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी/लोक निर्माण/जल संसाधन/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, म.प्र.
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, म.प्र.
3. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) म.प्र.
4. सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग
5. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय) भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, केंद्रीय भवन, रविशंकर नगर, भोपाल (भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रतिनिधि)
6. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), म.प्र.
7. अशासकीय संगठन, डब्ल्यु.डब्ल्यु.एफ. मध्यप्रदेश रायबा बिल्डिंग,
   पर्यावरण परिसर, ई–5 अरेरा कॉलोनी, भोपाल, म.प्र.
8. अशासकीय संगठन, अरण्या भोपाल
   श्रीमती अर्चना शर्मा (अरण्या) (9303125057)
   ई–7/803, अरेरा कॉलोनी, पानी की टंकी के पास, भोपाल म.प्र.

**विषयः–प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक दिनांक 18.11.2016।**

–0–

प्रतिपूरक वनीकरण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण(CAMPA),म.प्र. की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 9वीं बैठक मुख्य सचिव,मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 18.11.16 को अपरान्हः 03:30 बजे मंत्रालय स्थित मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष में आयोजित की गयी है। कृपया उक्त बैठक में उपस्थित रहने हेतु अनुरोध है।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार बैठक में प्रस्तुत किये जाने वाले एजेण्डा की छायाप्रति।

(भानु प्रकाश गुप्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

पृ. क्रमांक/कैम्पा/334/840                                        भोपाल, दिनांक 15-11-16

प्रतिलिपिः–स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, म.प्र. मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
मध्य प्रदेश, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन

क्रमांक / एफ–03–39 / 2014 / 10–2 दिनांक 2 / 12 / 2016

प्रति,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक
कैम्पा
सतपुडा भवन भोपाल।

विषयः— राज्य स्तरीय संचालन समिति की 9वीं बैठक का कार्यवाही विवरण बावत।

संदर्भः— प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख की टीप क्रमांक 206 दिनांक 22.11.2016

—00—

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 18.11.2016 को स्टेट कैम्पा के राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक का कार्यवाही विवरण मुख्य सचिव महोदय द्वारा अनुमोदन के पश्चात अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। साथ ही यह अनुरोध है कि उपरोक्त बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को भी अपने स्तर से उपरोक्त कार्यवाही विवरण प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्न :— उपरोक्तानुसार

1.12.16
(संजय मोहरीर)
अपर सचिव
म.प्र. शासन वन विभाग
मंत्रालय भोपाल

E:\Manish\letter.docx777

मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित, मध्य प्रदेश स्टेट य
स्तरीय संचालन समिति की 9वीं बैठक दिनांक 18 नवम्बर 2016 का क I

—0—

दिनांक 18 नवम्बर 2016 को मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 9वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–I पर है। सर्वप्रथम सदस्य सचिव द्वारा मुख्य सचिव महोदय एवं सभी समिति सदस्यों का स्वागत करते हुये कैम्पा से संबंधित क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण एवं नेट प्रेजेन्ट वैल्यू (N.P.V.) के मापदंडों के संबंध में समिति को अवगत कराया गया। समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि कैम्पा के अंतर्गत किये जाने वाले क्षतिपूर्ति वृक्षारोपणों के प्रति हैक्टेयर मापदंड निर्धारित करने हेतु एक समिति का गठन किया जाये।

बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:–

एजेण्डा क्रमांक–1

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 को आयोजित की गई थी, जिसमें राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति के परीक्षणोपरान्त वर्ष 2016–17 के ए.पी.ओ. हेतु राशि ₹ 323.26 करोड़ के प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये गये थे। संचालन समिति द्वारा ₹ 247.45 करोड़ के प्रस्ताव अनुमोदित किये गये। संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन प्रस्तावित किया गया।

**राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.11.2016 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।**

एजेण्डा क्रमांक–2

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 में लिये गये निर्णयों का पालन प्रतिवेदन।

**राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 में लिये गये निर्णयों पर बिन्दुवार पालन प्रतिवेदन के विवरण से समिति अवगत हुई।**

तदोपरान्त बैठक में रखे गये एजेन्डा पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिये गये :–

एजेण्डा क्रमांक–3

वर्ष 2016–17 में एड–हॉक कैम्पा में जमा राशि ₹ 3229.77 करोड़ के 10 प्रतिशत की राशि ₹ 322.97 करोड़ के आधार पर वर्ष 2016–17 का ए.पी.ओ. तैयार किया गया। जिसमें राज्य संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 को एजेण्डा क्रमांक 8.2.2 तक चर्चा कर राशि ₹ 247.45 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। शेष एजेण्डा पर समय अभाव के कारण चर्चा नहीं हो पाने के कारण राशि रुपये 43.63 करोड़ के प्रस्ताव/एजेण्डा पुनः चर्चा हेतु प्रस्तुत किये गये।

**वर्ष 2016–17 के ए.पी.ओ. में शेष प्रस्तावित कार्यों के विवरण से समिति अवगत हुई।**

एजेण्डा क्रमांक -4.1

## वनीकरण-म0प्र0 राज्य वन विकास निगम अंतर्गत असिंचित सागौन वृक्षारोपण

म0प्र0 राज्य वन विकास निगम अंतर्गत क्रमशः सीहोर, विदिशा-रायसेन, खंडवा परियोजना मंडलों में असिंचित सागौन वृक्षारोपण वर्ष 2016-17 से वर्ष 2020-2021 तक कुल क्षेत्रफल 3409.70 हे0 के लिये कुल लागत ₹ 55.39 करोड़ का प्रस्ताव प्रेषित किये गये। वर्ष 2016-17 के प्रथम वर्ष के कार्यों हेतु ₹ 22.18 करोड़ राशि का व्यय प्रस्तावित किया गया।

राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक में समिति द्वारा विस्तृत चर्चा कर यह जानकारी चाही गई कि क्या वन विकास निगम किये गये वृक्षारोपण से वनोपज प्राप्त होने पर उसका शेयर शासन को देगा। क्या उक्त राशि निगम द्वारा डिपोजिट वर्क के रूप में चाही जा रही है, जो कि बाद में शासन को वापिस की जावेगी ?

प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के अपर मुख्य सचिव वन को भेजी गई टीप कमांक/4560 दिनांक 07.10.2016 द्वारा अवगत कराया गया कि वन विकास निगम द्वारा कैम्पा (एन.पी.व्ही.) के अंतर्गत 3409.700 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेषित किये गये रोपण कार्यों को यदि डिपोजिट वर्क के अंतर्गत मान्य किये जाने की आवश्यकता हो, तो इन रोपण क्षेत्रों के विरलन एवं अंतिम विदोहन से प्राप्त शुद्ध राजस्व में से वन विभाग को राशि भुगतान करने के संबंध में मध्य प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित की गई प्रकिया/निर्देश का मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम पालन सुनिश्चित करेगा।

**निर्णयः-** समिति द्वारा म0प्र0 राज्य वन विकास निगम अंतर्गत सीहोर, विदिशा-रायसेन, खंडवा परियोजना मंडलों में असिंचित सागौन वृक्षारोपण की परियोजना का अनुमोदन करते हुये वर्ष 2016-17 के कार्यों हेतु ₹ 22.18 करोड़ राशि के व्यय की स्वीकृति दी गई।

एजेण्डा क्रमांक -4.2.1

## कृषि वानिकी से कृषक समृद्धि

कृषि वानिकी से कृषक समृद्धि (जलवायु परिवर्तन की आपदाओं से कृषकों के संरक्षण हेतु परियोजना) प्रस्तुत की गई, जिसमें कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु कृषकों की आय 05 वर्षों में दुगनी करने हेतु एक रणनीति प्रस्तुत की गई है। जिसके अंतर्गत कृषकों को अपनी भूमि पर परंपरागत फसलों के साथ फलोद्यानिकी, कृषि वानिकी एवं पशुचारे हेतु वृक्ष एवं अन्य फसलें भी बड़े पैमाने पर लगायें जाने का प्रस्ताव सम्मिलित है। प्रस्ताव में कृषि वानिकी हेतु पौधे तैयार करना, कृषकों एवं वन दूतों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान करना, घर पहुँच पौधा प्रदाय सेवा हेतु वाहनों का प्रदाय एवं संचालन, अनुसंधान एवं विस्तार कक्ष (मुख्यालय) का सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार एवं विविध व्यय हेतु कुल राशि ₹ 97.00 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। प्रथम वर्ष हेतु राशि ₹ 11.04 करोड़ प्रस्तावित की गई है।

**निर्णय :-** समिति द्वारा कृषि वानिकी से कृषक समृद्धि योजना का अनुमोदन करते हुए प्रथम वर्ष की राशि ₹ 11.04 करोड़ की स्वीकृति दी गई।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.2

## कार्य आयोजना वनमंडलों हेतु किराये के वाहन

कार्य आयोजना इकाईयों द्वारा कार्य आयोजना पुनरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यों के संपादन हेतु 12 वाहन किराये पर लेने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया। 06 कार्य आयोजना इकाईयों में क्षेत्रीय कार्य प्रचलित है, जिसमें 12 वाहन किराये पर लगाने की आवश्यकता है। प्रति वाहन ₹25,000/– प्रति माह से 12 वाहन हेतु एक वर्ष के लिये कुल ₹0.36 करोड़ का व्यय प्रस्तावित किया गया।

**निर्णयः**– समिति द्वारा कार्य आयोजना इकाईयों के 12 वाहन हेतु एक वर्ष के लिये कुल ₹0.36 करोड़ के व्यय का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.3

## वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय बालाघाट/ वन विद्यालय गोविंदगढ़ (रीवा)/जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र ताला (उमरिया) में अधोसंरचना विकास

वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय बालाघाट/ वन विद्यालय गोविंदगढ़ (रीवा)/जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र ताला (उमरिया) में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत व्याख्यान कक्ष, कॉमन रूम, सहायक अनुदेशक निवास, वन क्षेत्रपाल निवास, वन रक्षक निवास, हेण्डपम्प, अनुदेशक कार्यालय, कम्प्यूटर लैब, पुरूष/महिला प्रसाधन इत्यादि हेतु राशि ₹5.08 करोड़ के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये हैं।

**निर्णय :–** समिति द्वारा वन क्षेत्रपाल महाविद्यालय बालाघाट/ वन विद्यालय गोविंदगढ़ (रीवा)/जैव विविधता प्रशिक्षण केंद्र ताला (उमरिया) में अधोसंरचना विकास की राशि ₹5.08 करोड़ के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.4

## मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल – अनुभूति कार्यक्रम

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल के अनुभूति कार्यक्रम अंतर्गत जन सामान्य में वन एवं वन्यप्राणी तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के संदेश के प्रसार हेतु, प्रदेश के 16 वन वृत्तों के 393 सामान्य परिक्षेत्रों के कुल 51090 स्कूल छात्रों को लाभान्वित करने हेतु, ईको कैंप का आयोजन दिनांक 15.12.2016 से 15.01.2017 तक के लिये करना प्रस्तावित किया गया, जिसमें वर्ष 2016–17 के आयोजन हेतु राशि ₹2.67 करोड़ के व्यय का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**निर्णयः**– समिति द्वारा मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड, भोपाल के अनुभूति कार्यक्रम के वर्ष 2016–17 के आयोजन हेतु राशि ₹2.67 करोड़ के व्यय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.5

## वन भू–अभिलेख शाखा के सृदुढ़ीकरण हेतु प्रस्ताव

वन भू–अभिलेख शाखा के सृदुढ़ीकरण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत व्यपवर्तित भूमि के बदले में प्राप्त गैर वनभूमियों को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 29 के तहत अधिसूचित किये जाने हेतु अधिसूचना का प्रकाशन एवं अन्य वैधानिक कार्यो हेतु वर्ष 2016–17 के लिये ₹ 0.61 करोड़ व्यय के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये।

**निर्णयः–** समिति द्वारा वन भू–अभिलेख शाखा के सृदुढ़ीकरण हेतु वर्ष 2016–17 के लिये ₹ 0.61 करोड़ व्यय के प्रस्ताव के संबंध में निर्णय लिया गया कि उपरोक्त व्यय के प्रस्ताव की सहमति वित्त विभाग मध्य, प्रदेश शासन से प्राप्त करना उचित होगा। यदि वित्त विभाग उपरोक्त व्यय की अनुमति प्रदान करता है तो समिति द्वारा इस व्यय को अनुमोदित माना जावे।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.6

## नगर वन योजना (City Forest)

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) म0प्र0 के अनुसार प्रदेश के 09 शहरों में नगर वन योजना (City Forest) क्रियान्वित की जाना है। 08 शहरों में भारत सरकार द्वारा 80 प्रतिशत राशि कैम्पा Corpus Fund से दी जावेगी एवं राज्य शासन को 20 प्रतिशत राशि वहन करना है। नगर वन योजना का अनुमोदन राज्य संचालन समिति से प्राप्त करना है। नगर वन योजना के तहत दतिया वनमंडल के पतारा क्षेत्र में 100 हे0 नगर वन स्थापना हेतु कुल राशि ₹ 2.11 करोड़ का व्यय प्रस्तावित किया गया, जिसमें से 80 प्रतिशत राशि ₹ 1.69 करोड़ कैम्पा मद से एवं 20 प्रतिशत राशि सांसद/विधायक निधि से व्यय की जाना प्रस्तावित की गई।

**निर्णयः–** समिति द्वारा नगर वन योजना (City Forest) का अनुमोदन किया गया तथा पतारा दतिया वनमंडल हेतु कैम्पा मद से प्रस्तावित 80 प्रतिशत राशि, 1.69 करोड के प्रस्ताव के व्यय का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा क्रमांक –4.2.7

## स्कूल नर्सरी योजना

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) म0प्र0 के अनुसार स्कूल नर्सरी योजना के प्रावधान अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार द्वारा कैम्पा Corpus Fund से दिया जाना है। स्कूल नर्सरी योजना अंतर्गत प्रदेश के स्कूलों में प्रति स्कूल 1000 पौधे विकसित किये जाना है, जिसमें प्रत्येक स्कूल को प्रथम वर्ष के कार्य हेतु, राशि रुपये 25,000 एवं दो वर्षों के रखरखाव हेतु प्रति स्कूल राशि रुपये 10,000 रुपये अनुदान के रूप में दिया जाना प्रस्तावित किया गया है। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) मध्यप्रदेश द्वारा बताया गया कि उक्त योजना में मध्यप्रदेश में 3000 नर्सरी के प्रस्ताव भारत शासन को भेंजे जा चुके हैं। स्कूल नर्सरी योजना को लागू करने हेतु योजना का अनुमोदन राज्य संचालन समिति से प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

**निर्णय :–** समिति द्वारा स्कूल नर्सरी योजना का अनुमोदन किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा–01

म0प्र0 राज्य कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 8वीं बैठक दिनांक 03.10.2016 में वन्य प्राणी प्रबंधन एवं संरक्षण के राशि ₹ 149.00 करोड़ के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये थे। उक्त बैठक में दिनांक 03.10.2016 को मुकुन्दपुर जू एवं रेस्क्यू सेण्टर के ₹ 3.63 करोड़ के प्रस्ताव को छोड़कर शेष ₹ 145.37 करोड़ के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश द्वारा उनकी अशासकीय टीप कमांक/880 दिनांक 17.11.2016 द्वारा प्रस्तुत मुकुन्दपुर जू एवं रेस्क्यू सेंटर वनमंडल सतना के 40 कार्यों :– सफारी नाईट हाउस, वॉटर बॉडी, वेटेनरी स्वास्थ्य केंद्र, सीवेज (जू एवं आवासीय), इनसिनरेटर, रेस्क्यू सेण्टर, क्वारेण्टाइन वार्ड एवं अन्य सुविधाएं आदि के ₹ 3.63 करोड़ के व्यय के प्रस्ताव पुनः प्रस्तुत किये गये।

निर्णय :– समिति द्वारा मुकुन्दपुर जू एवं रेस्क्यू सेंटर वनमण्डल सतना हेतु प्रस्तुत ₹ 3.63 करोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सम्पन्न हुई।

संजय मोहरीर
अपर सचिव
मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग

परिशिष्ट–I

# माननीय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित स्टेट कैम्पा की राज्य स्तरीय संचालन समिति की 9वीं बैठक दिनांक 18 नवम्बर 2016 में उपस्थित अधिकारियों/सदस्यों की सूची

| अ.क्र. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री दीपक खांडेकर | अपर मुख्य सचिव, वन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश |
| 2 | श्री प्रमोद अग्रवाल | प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, मध्यप्रदेश |
| 3 | श्री रवि श्रीवास्तव | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मध्यप्रदेश |
| 4 | श्री जितेन्द्र अग्रवाल | प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) मध्यप्रदेश |
| 5 | श्री शहवाज अहमद | प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) |
| 6 | श्री वाई. सत्यम | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास) |
| 7 | श्री भानु प्रकाश गुप्ता | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा) |
| 8 | श्री अभय कुमार पाटिल | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान/विस्तार) |